**आकाशवाणी शिमला**

**28.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **देश व प्रदेश में श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार।**
- **राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने जम्मू और हिमाचल के बीच समेकित आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने पर दिया बल।**
- **उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– प्रदेश में पेयजल आपूर्ति को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सरकार डिजिटल माध्यमों को दे रही है बढ़ावा।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–असंवैधानिक कानून बनाकर हाईकोर्ट में फज़ीहत करवा रही है सुक्खू सरकार।**
- **कुल्लू के भेखली क्षेत्र में ब्रेक फेल होते ही ढांक से टकराई एच.आर.टी.सी. की बस–चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा।**

**रक्षाबंधन**

भाई–बहन के पवित्र प्रेम व अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज देश सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी समृद्धि, स्वास्थ्य व कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा और मदद का वचन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों व विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन मनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि रक्षाबंधन का महत्व भाई–बहन के रिश्ते से कहीं आगे है। उन्होंने कहा कि राखी का पवित्र धागा, परिवार के सदस्यों, मित्रों और यहां तक कि पेड़ों को भी बांधा जा सकता है, जो प्रेम और देखभाल के बंधन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार सभी के बीच स्नेह और सद्भाव के बंधन को मजबूत करे व खुशहाली और समृद्धि लाए। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि रक्षाबंधन का त्यौहार समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कामना की कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशियां व समृद्धि लेकर आएगा। इस अवसर पर कामना की है कि ये पावन पर्व आपके जीवन को आलोकित करे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने जम्मू क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के बीच एक समेकित आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने की अपार संभावनाओं पर बल दिया। वे आज जम्मू स्थित प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि दोनों क्षेत्रों में मंदिरों, धार्मिक स्थलों और तीर्थस्थलों की समृद्ध विरासत मौजूद है। इन पवित्र स्थलों के बीच बेहतर संपर्क सुविधा और समन्वित प्रचार–प्रसार से श्रद्धालुओं को अधिक समृद्ध तीर्थयात्रा अनुभव प्रदान किया जा सकता है। साथ ही, जम्मू और हिमाचल प्रदेश की साझा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को भी देश–दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण पेजयल उपलब्ध करवाने और जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई तकनीक और डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज मण्डी में जलशक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों से विभिन्न नई व उन्नयन योजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मण्डी शहर में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था को हाईटैक बनाने के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा सितम्बर माह में हिम जलदूत मोबाईल ऐप लॉच की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये ऐप नगर निगम मण्डी के 13 वार्डों के करीब 10 हजार 9 सौ उपभोक्ताओं को डिजिटल रूप से जोड़ेगी।

**महिला मोर्चा**

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने शिमला स्थित आरट्रैक के जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ, सुरक्षित व दीर्घायु जीवन की कामना की। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मोर्चा की बहनों ने सैनिक भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर ये संदेश दिया है कि पूरा समाज व देश अपने वीर जवानों के साथ मजबूती से खड़ा है। उधर लाहौल स्पिति के जिस्पा स्थित बी.आर.ओ. के जवानों और दारचा पुलिस चौकी में तैनात प्रदेश पुलिस के जवानों की कलाई पर भी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने राखी बांधी। उन्होंने कहा कि दुर्गम और चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में देश की सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित जवानों की कलाई पर राखी बांधना केवल एक परम्परा नहीं बल्कि सम्मान, विश्वास और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने जवानों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवाभाव को नमन किया।

**प्रधानमंत्री – जनधन**

प्रधानमंत्री जन धन योजना के 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में आज ही के दिन की थी। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति में सरकार के हस्तक्षेप से जुड़े कानून को प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार असंवैधानिक कानून बनाकर बार–बार हाईकोर्ट में अपनी फजीहत करवा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि खुद को कानून का जानकार बताने वाले मुख्यमंत्री को विपक्ष ने बार–बार आगाह किया है और सरकार के कानून संवैधानिक कसौटी पर सही नहीं उतर रहे हैं।

इस बीच जयराम ठाकुर ने राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे टैक्सी ऑपरेटरों को जूस पिलाकर अनशन आज समाप्त करवाया। टैक्सी ऑपरेटर अपनी टैक्सियों की परमिट अवधि 12 से 15 वर्ष करने की मांग कर रहे हैं। इस अवसर पर जयराम ठाकुर राज्य सरकार पर संवेदनहीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा टैक्सी ऑपरेटरों के हितों के लिए उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ऑपरेटरों की मांगों को राज्य सरकार के साथ–साथ केन्द्र के समक्ष उठाने का भरोसा दिया ताकि उन्हें राहत मिल सके।

**दुर्घटना**

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगते भेखली क्षेत्र में ब्यासर रोड़ पर कटाहर गांव के समीप आज दोपहर एच.आर.टी.सी. की बस ब्रेक फेल होने से ढांक से टकरा गई। निगम बस की ब्रेक फेल होने पर चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बस में सवार करीब 46 यात्री घायल हो गए हैं घायलों में 35 महिलाएं और 11 पुरूष शामिल हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि घायलों मे से बस चालक सहित 13 को अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

**पतंगबाजी**

सिरमौर जिला के नाहन शहर में सदियों से रक्षाबंधन के पर्व पर पतंगबाजी की परम्परा चली आ रही है लेकिन अब समय के साथ ये परम्परा लुप्त होने के कगार पर है। रियासतकाल से चली आ रही ये परम्परा केवल मनोरंजन नहीं बल्कि नाहन शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का भी हिस्सा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले रक्षाबंधन के पर्व पर पूरा आसमान पतंगों से भरा नजर आता था और हर आयु वर्ग के लोग इसमें हिस्सा लेते थे। उनका कहना है कि बदलते समय के साथ अब ये परम्परा दम तोड़ती नजर आ रही है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा। पिछले एक सप्ताह से मॉनसून के कमजोर पड़ने के साथ ही बारिश का क्रम धीमा हुआ था जिससे तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 30 अगस्त की शाम से प्रदेश में फिर से मॉनसून सक्रिय होगा। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज व कल मध्यवर्ती जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश का दौर देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त से 3 सितम्बर तक मॉनसून की सक्रियता से मैदानी व मध्यवर्ती क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- देश व प्रदेश में श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने जम्मू और हिमाचल के बीच समेकित आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने पर दिया बल।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– प्रदेश में पेयजल आपूर्ति को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सरकार डिजिटल माध्यमों को दे रही है बढ़ावा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–असंवैधानिक कानून बनाकर हाईकोर्ट में फज़ीहत करवा रही है सुक्खू सरकार।
- कुल्लू के भेखली क्षेत्र में ब्रेक फेल होते ही ढांक से टकराई एच.आर.टी.सी. की बस–चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा।